<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,</u><br><u>उत्तर प्रदेश, लखनऊ</u><br><u>दिनांक 31—12—2014</u>

# श्री आनन्द लाल बनर्जी, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, श्री सुग्रीव गिरि, पुलिस महानिरीक्षक ई0ओ0डब्लू0, उ0प्र0 लखनऊ एवं श्री चित्रांगद, पुलिस महानिरीक्षक मानवाधिकार प्रकोष्ठ अपनी अधिवर्षता आयु पूर्णकर सेवानिवृत्त

आज दिनांक 31—12—2014 को श्री आनन्द लाल बनर्जी पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण सेवानिवृत्त हो गये । जिनके सम्मान में रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में विदाई हेतु रैतिक परेड का आयोजन किया गया ।

उल्लेखनीय है कि श्री ए0एल0 बनर्जी का जन्म 26—12—1954 को जनपद लखनऊ में हुआ था । श्री बनर्जी वर्ष 1979 बैच में भारतीय पुलिस सेवा में आने के उपरांत एसवीपी एनपीए हैदराबाद व पीटीसी—प्रथम मुरादाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर सहायक पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षणाधीन वाराणसी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, गोरखपुर, प्रतापगढ़, फतेहपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद, आजमगढ़ एवं विभिन्न पीएसी वाहिनियों/इकाईयों में नियुक्त रहे । दिनांक 25—05—1996 को पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस उपमहानिरीक्षक/ संयुक्त निदेशक, सतर्कता अधिष्ठान, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवेज, पुलिस उपमहानिरीक्षक, आजमगढ़ परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक, एसीओ के पदों पर नियुक्त रहे ।

दिनांक 16—08—2001 को पुलिस महानिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस महानिरीक्षक, विशेष जॉच, रेलवेज, पुलिस महानिरीक्षक, इलाहाबाद जोन, पुलिस महानिरीक्षक, सी0बी0सी0आई0डी0 के पदों पर नियुक्त रहे । दिनांक 10—08—2009 को अपर पुलिस महानिदेशक के पद प्रोन्नत होकर एस0आई0टी0, प्रशिक्षण निदेशालय, ई0ओ0डब्लू0, मानवाधिकार, तकनीकी सेवाएं के पदों पर नियुक्त रहे। तकनीकी सेवाएं में ही दिनांक 08—08—2013 को पुलिस महानिदेशक के पद पर प्रोन्नत हुए। दिनांक 28—05—2013 से पुलिस महानिदेशक सतर्कता अधिष्ठान के पद पर एवं दिनांक 28—12—2014 को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का पदभार ग्रहण किया ।

आज ही श्री सुग्रीव गिरि पुलिस महानिरीक्षक ई0ओ0डब्लू0 उ0प्र0 लखनऊ एवं श्री चित्रांगद पुलिस महानिरीक्षक मानवाधिकार प्रकोष्ठ अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गये हैं ।